है, संकर्षण व्युहसुं तो असुरनकों मारे, ओर वासुदेव व्युहसुं सब व्रजकी रक्षा करी, ओर प्रद्युम्न व्युहसुं श्रीनंदराय जी, श्रीयशोदाजी तथा ओरसब व्रजभक्त वगेरे-नकूं मोह उत्पन्न करवायो, ओर अनिरुद्ध व्युहसुं जाकुं जा वस्तुकी चाहना हती ताकुं सो वस्तु प्राप्त कराय दीनी, ओर श्री पूर्णपुरुषोत्तमने तो बाललीला ओर रासादिक लीला करीहे, तापाछें आप मथुरा पधारे, सो चतुर व्युहसुं पधारे, ओर पूर्ण पुरुषोत्तम तो व्रजमेंहि बिराजे हे, ओर भक्तनके हृदयमें भी बिराजेहें, पाछे व्यापी वैकुंठ जो अपनो धाम हे तहां पधारे, जब रास पंचाध्यायीको रास भयो वोहो छेल्लो रास करिके पूर्ण पुरुषोत्तम ओर नित्यसिद्धाके युथ दोउ वाही समयसुं संगही व्यापी वैकुंठमें पधारे, ओर श्रुतिरुपानमें सु अंतर्गृहगता हती जो घरमें देह छोडके रासमें गइ हती सोबी उनके संग व्यापी वैकुंठमे गये, ओर श्रृतिरुपा सदेहसुं रासमें गइ हती सो ओर अग्निकूमारिका ये रासमेसुं पाछी आइ, ओर वासुदेव प्रद्युम्न, अनिरुद्ध ये तिन व्युहात्मक-

स्वरुप घर पाछे पधारे, ओर संकर्षण तो घरमेंही हते. बलदेवजी रासमें नहि पधारे.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको पंदरमो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत १६.

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा करी, जो ऋषिरुपानमेंसु जो दोपांतीकी तो महारासकी समाप्ति पीछे जब पूर्ण पुरुषोत्तम व्यापी वैकुंठमें पधारे तब त्रिनके संग व्यापी वैकुंठमेंही प्राप्त भइ, उनको नाम अंतर्गृहगता हे. ओर दो पांतीकी घर आइ, उनने युगलगीत गायो, ओर अग्निकुमारिका हे सो पुष्टि मर्यादा हे, ताको कारण प्रथम तो श्रीरामचंद्रजीको वरदान हतो, सो रामचंद्रजी मर्यादा पुरुषोत्तम हते, ओर फेरि बीजो उनको पुरुषभाव हतो, सो व्रजमें सोल हजार छोरा भए हते, तिनकुं पुतना खाय गइ हती, तिनकुं प्रभुनने जब [1]पूतना मारी तब वाके प्राणके

---

१ पूतनाए १६ हजार बाळकोने झेर आपि नाश कर्यो. ये बाळको पूर्वेना अग्निकुमारिका हतां तेथी तेमनो उद्धार करवा

संग उन सबनकुं आपने अपने उदरमें ले लीने हते, सो चीरहरण के समे उन कन्याकुं पाछे प्राप्त कराय दिये, वाही पुरुष भावकी प्राप्तिके लिये विन कुमारी-कानने कात्यायनी व्रतके मिषसु भगवानको ओर श्री यमुनाजीको पूजन कर्यो हतो, इतनो साधन कर्यो, ताहीसों पुष्टिमर्यादा भये, ओर जब श्रीकृष्ण मथुरा पधारे, तबश्रुति रुपानमेंसुं एक पांतोकी जहां तांइ रथकी ध्वजा दिखी तहां तांइ मूर्छावत होयके ठाडी रही, ओर फेरि देह छोडीके पूर्ण पुरुषोत्तमकुं व्यापी वैकुंठमें जाय मिले, ओर फेरि मथुराजीसुं जब उद्धवजी आये तब वाके संग छ महिना तांइभगवद् वार्ता करीके पूर्ण

प्रभुए पुतनाने मारि ए बाळकोने पोताना हृदयमां समाव्या ते बाळकोना उद्धार माटे श्रीकृष्ण भगवाने ब्रह्मांड घाटनी माटी खाधि ते चरणामृतद्वारा ए बाळकोनो उद्धार कर्यो. आजे पण वैष्णवो ए ब्रह्मांडघाटनी रजने चरणामृत तरिके वापरे छे. वांचो 'श्रीकृष्ण बाळलीला' पुस्तक.

पूतनाना पूर्वजन्मनी कथा एवी छे केः—बलीराजानी पुत्रि रत्नावलिने श्रीवामनप्रभुने जोइने एवि भावना थइके 'आवा सुंदर बाळकने स्तनपान कराववानुं सद्भाग्य मने प्राप्त थाय तो केवुं सारुं.' ए मनोरथ एतो श्रीकृष्णावतारमां पूतनारुपे श्रीगोकुलमां पूर्ण थयो.

पुरुषोत्तमकुं प्राप्त भइ, फेरि जो अग्निकुमारिका हता सो श्रीयमुनाजी पुष्टिमर्यादा स्वरुप कालिन्दी जो हे तिनके संग द्वारकां लीलामें संगहि पधारे, तासु जो कुमारी कानमें जो मुख्य सहचरी राधाजीहे, सो वाहि नामसुं अद्यापि तांइ श्री द्वारिकाजीमें दर्शन देहे, ओर व्रतको फल जो श्रीकृष्णको पति करवेको हतो, सो रास पंचाध्यायीमें प्रत्येक भक्तनके न्यारे न्यारे पति होय के सुख दिनो. फेरि द्वारकां लीलामें जब श्रीयमुनाजी कालीन्दीको स्वरुप लेके तप करवेकुं पधारे, तब सबरी अग्निकुमारिका कालिन्दीमें मील गइ, सो श्रीकृष्णकूं व्याही, ओर स्वकीयाको सुख लीयो, सो जब श्रीकृष्ण स्वधाममें पधारे ताके कछु दिन पहेले गोपी तलावपें रास कर्यो, ता पीछे वो जो ऋषिरुपा हती, सो सब पूर्ण पुरुषोत्तमकूं प्राप्त भइ.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको सोलमो वचनामृत संपूर्णम्.

वचनामृत १७.

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा

करी जो व्रजमें दूसरे मर्यादा भक्त हते सो बलदेव-
जीके द्वारा पूर्ण पुरुषोत्तमकु अंगोकार भये, ओर नंदा-
दिक गोप तथा वृषभान आदि गोप तथा यशोदाजी
आदि मातृचरण गोपी ए सब कुरुक्षेत्रमें श्रीकृष्णकुं
मीले, तब उन द्वारा व्यापी वैकुंठमें प्राप्त भये, ओर
व्रजमें जो पशु, पक्षी, वृक्ष, लता, पुलिन्दी ओर कोई
वा समें नीच योनी वारे जो मनुष्य हते सो ओर
जोनजीनने वेणुनाद सून्यो सो सब जीवजंतु, सो स-
बहु संग दोषसुं प्रवाह कर्मकांडमें पड गये, ये सब
जीव संसार चक्रमें पड गये, सो जनम मरण होते होते
श्वेतवाराह कल्पको कलियुग प्राप्त भयो, फेरी एक
समे व्यापी वैकुंठ गोलोकमें श्री स्वामीनीजी निकुंजमें
बिराजते हते, ता समे श्री स्वामिनीजीकुं वे जो व्रजके
जीव सब संसार चक्रमें पड गये हते सो उनकी याद
आई, तब श्री स्वामिनीजीने आज्ञा करी जो देखो
प्रभुको स्वभाव एसो भूलवेको है, जीन जीवनने आप
के दर्शन करे जीनने वेणुनाद श्रवण कर्यो वे जीव

प्रवाहमें पड गये, उनकी अभीताई प्रभु सुधी नहि को
है, तो कोई समे प्रभु हमकु भी एसे भूल जायगे, ये
वात कही के श्रीस्वामिनीजीकुं विरह प्रगट भयो, सो
अत्यंत विरहमें मग्न होय गये, तब ये बात श्रीयमुना-
जीने प्रभुसुं कहो तव श्री यमुनाजो प्रभुनकु पधराय
लाये, तब ये दशा श्री स्वामिनीजीकी देखके श्रीस्वा-
मिनीजीको विरह सहन न भयो, तब दोनोनके श्री
अंगमेसुं विरहकी अग्नि उत्पन्न भई, सो प्रभुनके तथा
श्रीस्वामिनीजीके मुखारविंद द्वारा अग्नि बहार प्रगट
भई, तामेसुं प्रभुनके जेसो [1]स्वरुप प्रगट भयो, उन
स्वरुपने जुगल स्वरुपसुं विनति करी, जो आप दोउ
स्वरुप ऐसे चिंतातुर कयों हो? जो मो लायक सेवा
होय सो मोसुं आज्ञा करीये, तब श्रीठाकुरजीने आज्ञा
करी जो व्रजमें जो जड चैतन्य जीव हते सो वेहु संग-
दोष करी के प्रवाहमें पड गये, उनकु हमारो याद

---

१ ए स्वरुप प्रकट थयुं ते ज श्रीमद्वल्लभाचार्यजी थया.
'सौन्दर्यंनिजहृद्गतं' ए श्लोकनो अर्थ विचारवो.

दिवाय के ओर विरह दीनता करवाय के यहां व्यापी वैकूं-ठमें ले आवो एसे प्रभुनने आज्ञा करी.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको सत्तमो वचनामृत संपूर्ण.

—— ० ——

वचनामृत १८.

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसी आज्ञा करी, जो वे [१]त्रितयात्मक स्वरुपने विनति करी, जो कृ-पानाथ? मोकु केसे पहिचान पडेगो, जीवतो सब प्र-वाहमें पड गये होइंगे, ओर मोसु एकलेसु ये काम कैसे होय सकेगो, ओर मोकु आप कब मीलोगे, ओर आप विना मेरे वहां निर्वाह कोन रीतसु करनो! तब प्रभुनने आज्ञा करी, जो जाकु तुम उपदेश देओगे ओर वो जीव तुमारी आज्ञा प्रमाणे चले, वोही जीव यहांको है, येही जीवको पहिचान है; ओर ये अग्निकुमारिका है सो मर्यादा पुष्टि है, सो ये सब तुमारे वंशमें उत्पन्न होय के तुमारे कहे प्रमाण चलके; तुमारे कहे प्रमाण उपदेश देकें; शुद्ध पुष्टि होय जायगे, ओर श्रीमद्

१ त्रितयात्मक स्वरुप तेज श्रीवल्लभाचार्यजी भये.

भागवत जो है सो मेरो स्वरुप है,इनको अवलोकन तथा इनकी टीका[१] करो के निर्वाह करियो, ओर नवधा भक्तिको उपदेश करियो, एसें आज्ञा दे के ओर युगल स्वरुप दोउ प्रसन्न होय के आज्ञा दीनी, जो ये सेवा करी के थोडेही दिनमें तुम हमकुं वेगही मीलीयो, ओर जो कोई न करे एसी सेवा तुम करोगे तासुं तुम हम दोनों कुं बहोत प्यारे हो, तासुं तुम्हारो नाम श्रीवल्लभाचार्यजी भूतलपें होयगो. फेरि दंडवत करके भूतलमें पधारे, सो चंपारण्यमें अग्निकुंडसों श्रीलक्ष्मण भट्टजीके घर प्रगट भये, या प्रमाण श्रीमहाप्रभुजीको प्राकटय है.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको अढारमो वचनामृत संपूर्णम्

वचनामृत १९

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा करी के श्रीवल्लभाचार्यजीने प्रगट होय के तीन वखत

१ श्रीमद्भागवत उपर आचार्यश्रीए टिका लखि छे ते श्री सुबोधिनीजी ए ग्रन्थ अमारे त्यां मळे छे, मगावी वांचो

पृथ्वी परिक्रमा करी. याके मिषसों सब जीवनकुं देखे, ओर जो जड हते तथा पशु पक्षी हते तीनकुं आपके चरणारविंदको रजद्वारा जड योनि तथा पशु पक्षीकी योनिसो मुक्त किये, तब मनुष्य योनिकु प्राप्त भये, सब जीवनको प्रवाहमें तथा कर्मकांडमें मग्न देखे. तब श्रीगोकुलमें श्रीगोविंद घाटपें अर्ध रात्रिमें विचार भयो, जो दैवी आसुरी सब एक होय गये है, सो इनकी परीक्षा केसी होयगी, तब प्रभु पूर्ण पुरुषोत्तम उनके पास प्रगट होय के आज्ञा करी जो सबनकुं ब्रह्मसंबंध कराओ, तब जाकुं ब्रह्मसंबंध होयगो सो गद्यके प्रमाण चलेगो, ता जीवको दैवी जाननो, जो कछु कछु चले ताकुं आसुरावेशी जाननो, और बिलकुल आपकी आज्ञा प्रमाण न चले ताकु केवल आसुरी जाननो, या प्रमाण आप आज्ञा करिके अंतर्ध्यान भये, फेरि वा आज्ञा प्रमाणे [1]ब्रह्मसंबंध करावे है, ओर दिग्विजय करिके

---

१ आ ब्रह्मसम्बन्धनो मंत्र ने तेनी उपरनी तमाम संस्कृत टिकाओनुं गुजराती भाषान्तरनुं पुस्तक अमारा तरफथी प्रकट थयुं छे वांचो. ‘श्रीनाम निवेदन मंत्र निरुपण’ ग्रन्थ.

पुष्टिमार्गको स्थापन कर्यो, ओर श्रीभागवतकी टीका नाम श्रीसुबोधिनीजी प्रगट करी. पांडुरंग श्रीविठ्ठलनाथजीने ब्याहकी आज्ञा करी, तब व्याह कर्यो, फेरि श्रीगिरिराजजीमेंसु श्रीनाथजी प्रगट भये, उनकी सेवा विधि सब प्रगट करी के सबनकुं शीखांई, पीछें साक्षात वेदरुप [1]श्रीगोपीनाथजी प्रगट भये, पीछे दूसरे पुत्र श्रीविठ्ठलनाथजी सो साक्षात् मुख्य श्रीअग्निकुमारिका, साक्षात् श्रीसहचरी, श्रीराधिकाजीके हृदयमें जो स्वरुप श्रीप्रभुनको विराजे हैं सो प्रगट भये, एसेही प्रभुनकी आज्ञासुं सब कुमारीका–को युथ आपके वंशमें पुत्र पौत्रादिक होय के भूतल पर प्रगट भये.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको ओगणीसमो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत २०.

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा

---

१ श्रीगोपीनाथजी अने श्री विठ्ठलनाथजीना प्राकटय माटे अमारी पूर्व प्रदेशनी यात्रा" "श्रीवल्लभाख्यान विचारधारा" ए पुस्तको वांचो.

रो, अब श्रीगुसांइजीको प्रागटय हे सो साक्षात् अग्नि-
ारिका जो श्रीराधा सहचरीहे उनको प्रागटय निश्चय
सो प्रत्यक्ष दीखे हे, कारणके आपने श्रृतिरुपानमे
न्य जो श्रीचंद्रावलिजी हैं, तीनके स्वरुपको वर्णन
ानलीलाष्टकमें वहोत कर्यो हे, ओर श्रीस्वामिनीस्तो-
में आपने आज्ञा करी जो प्रभु ओर आप एकांतमां
राजते होय, ता समे कोइ सेवाके लिये श्रीचंद्रा-
लिजी द्वारा मोकु बुलायो, अर्थात् स्रुतिरुपा जो हे
नको पुष्टि पुष्टिको अंगीकार होय गयो, अर्थात्
ीस्वामिनीजीके संग एकांतमें जो नाना प्रकारकी
ीडा करे हे, ता समे पंखा आदिकी सेवा करे हे, तथा वा
ीलाके दर्शनको अधिकार हे, सो केवल श्रीचंद्रावलि-
ीकु तथा स्रुतिरुपानकुं हे, अग्निकुमारिका मर्यादा पुष्टि
, तासु उनकुं बाललीला तथा स्वकीयत्व के सुख मीले
, परकीयाको सुख तथा श्रीस्वामिनीजी श्रीठाकोरजीको
एकांत लीलाको दर्शन या सुखकी प्राप्ति नही हे, ता
ुही श्रीस्वामिनीजीकी प्रार्थना श्रीगुसांइजीने वहोत करी

है, ओर सबरे पुष्टिमार्गमें श्रीस्वामिनीजीकोही तथा श्रीचंद्रावलिजीकोही मुख्यत्व राखे हे. ओर विरह बी श्रुतिरुपानकुं अधिक भयो हे, तासु ही विरहकी मुख्यता राखीहे, ओर श्री महाप्रभुजी साक्षात् विरहाग्नि स्वरुप हे, तासुं श्रीमहाप्रभुजी जाके हृदयमें पधारे ताकुं विरह-दान होय, ओर स्रुतिरुपा जो परकीयाहे तासुं दीनताहु विशेष हे, तासूं दीनता हु या मार्गमें विशेष मानी हे, अर्थात् जो फल स्रुतिरुपानकुं भयो सो फलको चाहना अग्निकुमारिकानकुं हे, तासुं सब गोस्वामि बालकनकुं हम अग्निकुमारिकानको स्वरुप मानेहे, ओर श्रीगुसांइ-जीकुं श्रीसहचरी राधिकाजीको स्वरुप मानेहे, श्रीसहचरी राधिका हे सो अग्निकुमारिकानमें मुख्य स्वामिनीजीहे.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको वीसमो वचनामृत संपूर्णम्.

वचनामृत २१.

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा करी, जो आगे, सो, सवासो वरस पहेले तो श्रीगोस्वामि बालकनकुं तथा वहु बेटीनकुं अपने स्वरुपको ज्ञान हतो,

अब आजकाल जो नही हे, ताको कारण अन्न दोष, दुःसंग दोष वगेरे बहोत बढ गये हे, जो दैवी जीव हते वो तो सब व्यापिवैकुंठमें पहोंच गये. ओर थोडे दैवी जीव बाकी रहे. ओर दैवीनको देखा देखी आसुरी जीवनेबी ब्रह्मसंबंध ले लियो. उनकुं ब्रह्मसंबंध तो नही भयो, परंतु देखाव मात्र के वैष्णव नाम धर लीयो उन प्रपंचीको दुःसंग हु श्रीगोस्वामी बालकनकुंभी भयो, तब अपनो तथा प्रभुनको स्वरुप भुल गये, ओर लौकिक में आसक्त होय गये, ओर यावनो देशनके माल जो भी भ्रष्ट करता हे तथा विलायती माल जो भी भ्रष्ट कर्ता हे, ताको वेपार वैष्णव करत हे तथा नीच जगह चाकरी करे हे, सो पैसा श्रीगोस्वामि बालकनकुं देहे, एसे आसुरी पैसा जब बढ गये, तब फेरि श्रीगोस्वामि बालकनकुं शोख साह्यबी तथा ख्याल तमासे में मन जाय हे, शोख साह्यबी टेव बालकनकुं पडी हे सो या पैसाको यही उपयोग होय हे, घरमें प्रभु बिराजते होय, ओर उनके विनियोग न कराय के अपने अर्थ लगा-

यवेनमें स्वरुपकी विस्मृति होय जाय हे, ए सब अब दैवीजीव भगवद् प्राप्तिकुं थोडे बाकी रहे हे; ताकुं दुःसंग अधिक हे, ओर श्रीमहाप्रभुजीने जा प्रमाण रहेवेकी आज्ञा करी, ता प्रमाण अबसूं रह्यो नहि जाय हे, घरमें वैभव वढ जायवेसूं पैसावालेको आश्रय करवेसूं भगवद् भावकी हानि होय जाय हे, ओर भगवत्स्नेह छुट जाय हे, स्नेह पूर्वक सेवा न बनवेसूं प्रभु सेवा अंगीकार नही करे हे, तासु जीव मात्रको अंतराय पड जायहे, तासु विनको फेर जन्मान्तरमें प्रागटय होय हे, जिन जीवनकुं अपने ओर प्रभुनके स्वरुपकी सूरति होय जाय तीनकुं शुद्ध पुष्टि भक्तिकी प्राप्ति होयवेसूं लीलामें प्राप्ति होय जाय हे, फेर वे भुतलपें प्राकटय नही ले हे, ओर जिन जीवनकूं भगवत लीलामें लायवेको आज्ञा हती ओर जाके लीये प्रभुनसूं वियोग करिके भुतलपें पधारनो पडयो हतो, सो काम तो सब होय गयो, सब जीव भगवद् लीलामें प्राप्त होय गये, अब कोइ कोइ

विरला बाकी रहे हे, सो जो दुःसंगते बचते रहेंगे, तब भगवद्-लीलामें प्राप्त होयगे.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको एकवीसो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत २२.

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा करी, जो अन्याश्रय हे सो कहा हे, सो तुम बराबर समजो नहि हो, जो अन्य देवके मंदिरमें जाना वाको नाम अन्याश्रय नही हे, अन्य जो शब्द हे सो अन्याश्रयको कारणहें अर्थात् जो अंतःकरणमें भेदबुद्धि हे ताको नाम अन्याश्रय हे. एसो भागवतमें आज्ञा हे, ओर अपने श्रीवल्लभाचार्यजीकोहि शुद्धाद्वैत मत हे, तासूं भेदबुद्धि हे ताकोही नाम अन्याश्रय हे, जगत् सब भगवानसूंहि प्रकट भयो हे, देव सब भगवानसेहि प्रगट भये हे, तब अन्य देव कोइ हे नहि, सब भगवत स्वरुपही हे, सब स्वरुपनकी लीला मात्र अलग अलग हे, सब स्वरुपनको अधिकार हु अलग अलग हे, जडको नामहु पीपर हे ओर डार पातनको नामहु पापर हे;

परंतु पूजन वृक्षके उपर चढके नहीं कीया जाय है; मुलकोही होय; तेसें श्रीपूर्ण पुरुषोत्तमके भजनमें सब भजन आय जाय हे; पूर्ण पुरुषोत्तमके आश्रयसूं सबनको आश्रय आय जाय हे; सब देव पूर्ण पुरुषोत्तमकी विभुतिरुप हे; अपने कछु कार्यार्थ पूर्ण पुरुषोत्तमकी प्रार्थना करे; परंतु विनको जा विभुति द्वारा फल देवेकी इच्छा होय ता विभुति द्वारा फल सिद्धि करावे हे; ओर जो सिद्ध न करनो होय तो नहीं करे, जहां तांइ भेदबुद्धि नहि छुटे तहां तांइ अन्याश्रयसूं नहीं बचे; जो अपनो भेदबुद्धि छुट जाय तो अन्याश्रयसूं बचे; जहां तांइ भेदबुद्धि हे तहां तांइ जगत न्यारे; प्रभु न्यारे; अन्य देव न्यारे ओर भगवान न्यारे; ऐ सब जुदेपनो हे; अपनी बुद्धिमें तहां तांई अन्याश्रयसुं नहि बचे हे.

इतिश्रीगोवर्धनलालजी महाराजको बावीसमो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत २३.

फेर एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा

करी, जब सर्वात्मभाव उत्पन्न होय तब अन्याश्रयसुं बच्यो जाय, सर्वात्मभाव होनो बडो कठिन हे, तासुं अन्याश्रयसुं बचनोबी बहोत कठिन हे, अहंता ममता हे तहां तांई घरमेंही अन्याश्रय हे, माता पिता वगेरे गुरुजन उपरये विश्वास हे के ये हमारो पालन पोषण करे हे, एसो जो मनमें आवे हे येहो अन्याश्रय हे, ओर एसेही अन्य देवमें हे, के भगवानसु हमारो काम सिद्ध न भयो, ओर अमुक देवने हमारो काम सिद्ध कर दीयो, ये जो मनमें आई सोहो अन्याश्रय हे, भगवान अबेरे प्रसन्न होय हे, ओर अमुक देव जल्दी प्रसन्न होय हे, एसे जो जानके अन्य देवको भजन करे हे सोहु अन्याश्रय हे.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको त्रेवीशमो वचनामृत संपूर्ण,

वचनामृत २४.

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा करी जो ब्रह्म संबंध होय हे, सो जीवको परीक्षा करायवे के लिये प्रभुनकी आज्ञा हे; परीक्षा कैसे; जो दैवी

ओर आसुरी इनके भेदकी परिक्षा हे; ता या मे जाकुं ब्रह्म संबंध होतेही भगवद्भावके अंकुर हृदयमें उत्पन्न होय हे; ओर स्वरुपासक्ति कछुक होय तब जाननो जो यह दैवी जीव हे; ओर जाकु बीलकुल भगवद्भाव हृदयमें नहि आवे; ओर बिलकुल कोई स्वरुपमें आसक्ति नहि बढे हे; ओर प्रपंचमें बहुत आसक्ति होय ताकु आसुरी जाननो; ओर कोईकु ब्रह्म संबंध होतेही पूर्ण स्नेह ओर पूर्णभाव होय जाय चोरासी ओर दोसो बावनकी तरह, सो उनकु ब्रह्मसंबंध जा वखत भयो ता वखतसों प्रभुनमें चित्तकी वृत्ति लगी रहे; तबही साचो ब्रह्म संबंध जानिये, तब उनको कार्य शिघ्रही सिद्ध होय जाय; ओर जोन जीवनकु आजकाल ब्रह्म संबंध होय हे, ता समे प्रभुनके चित्तकी वृत्ति कोइ ओर लीलामें लग रहीहे, तासु जब वाकुं ब्रह्म संबंध भयेकी याद आवे तब कालान्तरमें जायके प्रभुनकुं याद आवेगी तबही संबंध मान्यो जायगो; ओर तबही वाको कार्य सिद्ध होयगो; तासूं साचो ब्रह्म संबंध होनो ए अपनें हाथमें

नही हे; ए प्रभुनके हाथकी बात हे: जाकुं जीतनो अधिकार हे; उतनोही वाकुं ब्रह्म संबंध सिद्ध होय हे, आज्ञा प्रमाणे चले तब ब्रह्म संबंध सिद्ध होय हे, गद्य के मंत्रमें जोतनी चीज प्रभुनकों अपननें समर्पी हे ये सब बातको अनुसंधान जब रातदिन जीवको रहे तब जाननो जो इनकुं वेगहि भगवत् प्राप्ति होयगी. जहां तांइ ये अनुसंधान अहर्निश नही रहे, तहां तांइ कार्यमें विलंब हे, ये निश्चय जाननो.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको चोवीशमो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत २५.

फेर एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा करी जो आगे चोराशी दोसोबावनको ब्रह्म संबंध वेगहि होय जातो हतो, ओर प्रभु सानुभाव भी जल्दी होय जाते हते: ताको कारण ये हे; जो वह जीव सारस्वत कल्पमें मर्यादापुष्टि मातृचरणकी गोपी तथा ग्वाल गोप हते; सो वे श्रीमहाप्रभुजी तथा श्रीगुसांइजी द्वारा शुद्ध पुष्ट होय गये; तासु प्रभु इनकुं अनुभव जल्दी जता-

यवे लग गये; ओर वे शुद्ध पुष्ट होय के लीलामें वेगहि प्राप्त भये; ओर जो दैवी जीव हे सो सारस्वत कल्पमें पशु पक्षो जीवजंतु स्थावर जंगम हे; तासु हो उनकु जन्मान्तरमें जायके अनुभव होय हे; पशु पक्षिकी जडबुद्धि हे; तासु ये बात हे; ओर फेर दुःसंग दोषभी बहुत हे: तासु वी बुद्धि भेद हो जाय हे; सो आगे निरुपण करे हे; एसे बडेबडेनकुं दुःसंग दोष भयो हे; तब आजकालके जीवकी तो कहा कहेनी, ओर श्रीमहाप्रभुजी श्रीगुसांइजी सो साता बालकनके सेव्य स्वरुप जो आगे अनुभव जतावते हते, ओर आजकालके बालकनके सेव्य स्वरुपमें फरक इतनोही हे, के ये स्वइच्छासु प्रगट भयेहे, ओर विन भक्तनकुं सखीभाव व्यसन ओर आसक्ति पूर्ण हती, तासुं विनसु बाते करते, ओर अब जो आजकाल पधराये गये स्वरुप जो अनुभव नही जनावे हे, सो ताको कारण जो वेसो स्नेह ओर अनन्यता सेवकनमें नहि हे.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको पच्चीशमो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत २६.

ओर एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा
री, जो जा समे श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीको प्राकट्य
ारण्यमेंसुं भयो, तब तेतीस कोटि देवता ओर
षिमुनिहुवहां आये हते, तिनके संगमें कलियुगभी
हां आयो हतो, सब तो वहां आनंद उत्सव वधाई करने
गे ओर कलियुग तो रोयवे लग्यो, तब श्रीमहा-
भुजीने वाको पूछी जो सब तो आनंद करे हे, ओर तुं
यों रोवे हे, तब वाने कही जो आप भुतलपें प्रगट
ये हो, तब सबनकुं भक्तिमार्गको उपदेश करोगे. ओर
। युगमें भक्तिमार्गसुं सबको उद्धार होय हे, सो नाम-
। प्रचार आप ज्यादा बढावोगे, तब सबको उद्धार होय
ायगो, ओर नरक खाली रहे जायगो, तासुं में रोउंहूं,
ब श्रीमहाप्रभुजीने आज्ञा करी जो साडी चारसो
रस तो लीला के जीव हमारी आज्ञा प्रमाणे चलेंगे,
ार तिनको उद्धार होयगो, ओर साडी चारसो वरस
छे तब कोइ हमारी आज्ञा प्रमाणे वहोत करके नहि

चलेंगे, ओर कोई कोई विरला चलेंगे, तिनको उद्धार होयगो, ओर जो न चलेंगे तिनके उपर तुम अपनो अमल चलाइओ, ओर इनकुं नरक पठैयो, एसे आज्ञा करी, तब कलियुग प्रसन्न होय के अपने स्थानमें गयो, ओर श्रीमहाप्रभुजीने मार्ग प्रगट कर्यो, सो साडे चार-सो वरस तो अब होय गये हे, ओर अब मार्ग साधा-रण रीतसुं चल रह्यो हे, ताको कारण ये हे जो श्रीगोकु-लनाथजीकी एसी इच्छा भइ जो श्रीनाथजीकु हीराके कुल्हे मुकुट सिद्ध करायके समर्पे तो आछो, तब ये आपकी इच्छा जानके, एक भाविक आपको सेवक हतो सो विनने विनंति करी जो में सिद्ध कर लाउं, तब आपने कही बहोत आछो. फेर वो सिद्ध कर लायो, तब आपकुं दियो, तब आप देखके बहुत प्रसन्न भये, ओर आज्ञा करी जो तुम कछु मांगो, तब विनने विनति करी जो कृपानाथ! मोकु तो आपकी कृपासु सब प्राप्त हे, परंतु आप जो प्रसन्न भये हे तो में यह मांगु हुं के श्रीमहाप्रभुजीने पुष्टिमार्गको स्थिति तो साडे चारसो

वरसकी कीनी हे, सो कछुक दिन विशेष चले तो आछों, तब आप प्रसन्न होय के आज्ञा करी जो तुमारो मनोरथ हे, ओर हम प्रसन्न भये हे, ओर प्रभुभी कुल्हे मुकुट धरके बहूत प्रसन्न भये हे, तासुं मार्गकी स्थिति ओर सो बरस बढती होयगी, ये हमारो आशीर्वाद हे. तासुं अब श्रीमहाप्रभुजीके कहे हुए वरस तो होय चुके ओर अब श्रीगोकुलनाथजीके आशीर्वादके सो वर्ष बाकी हे सो अब चल रहे हे, ओर कलियुगने तो श्रीमहाप्रभु-जोकी आज्ञा प्रमाण अमल कर लिनो हे, प्रथम तो आपके वंशमेंही प्रवेश कीयो हे, ओर पीछे सवन में प्रवेश कर्यो हे. तासुं साधारण रीतसुं मार्ग चल रह्यो हे.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको छवीसमो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत २७.

ओर एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा करी, जो शीतकालमें जो मंगळा वेगे होय हे, ताको कारण यहहे, जो रात बडी होयहे, तासुं गैया, भेंस वगेरे सुखे होय, तब उनकूं पीछली रातकुं एक दो बजे सब ग्वाल

चरायवेको ले जाते, उनके संग प्रभुभी श्रीयशोदाजीसूं हठ करीके पधारते, फेरि वहां जायके ग्वाल तो सब पशुनकुं लेके जंगलमें जाते, ओर आप व्रजभक्तनके घर पधारते. वहां जायके जो विनने नौतम प्रकारकी सामग्री सिद्ध करी होय सो आरोगते, ओर वीन भक्तनको मनोरथ सिद्ध करते, ओर फेरि जब सात आठ बजेके वखतपें ग्वाल पीछे आवे तब उनके संग प्रभुभी घर पाछें पधारतें, फेरि घेर राजभोग आरोगे, या भावसुं वेगे राजभोग होय हे, शीतकालमें मंगलभोग व्रजभक्तनके घर आरोगेहे, तासूं चार द्वादशीकुं अनसखडीकी चोकी आरोगेहे. ओर चार बीरीयां मंगलभोगमें सखडी आरोगेहे, ओर गोपमासमेंभी वेगे राजभोग होयहे, ताको कारण यह हे जो व्रतचर्यामें कुंमारिका श्रीयमुनाजीपें न्हायवे पधारेहे, ता बीरीयां उनके संग जलक्रीडा करवेकुं प्रभु पधारेहे, ओर नित्य नइ सामग्री आरोगे हे, ताको कारण यह हे जो जेसे अग्निकुमारिकानने कात्यायनीको पूजन कर्यो तब नित्य नये नये प्रकारके नैवेद्य

धरते, ताही भावसूं श्रीगोस्वामि बालकहे सो अग्निकुमारिकानको स्वरुपहे, याही भावसूं नित्य नइ नइ सामग्री करके आरोगावे हे.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको सत्तावीसमो वचनामृत संपूर्ण

वचनामृत २८.

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एम आज्ञा करी, जो ये व्रजभुमि हे सो साक्षात् गोलोककी भुमीहे, सो जब प्रलय होय तब याको प्रलय नही होय, और जब श्रीवराहजी हिरण्याक्षकों मारके रसातलसुं पृथ्वी लाये, तब पृथ्वीकुं अभिमान भयो, जो भगवानकुं मेरे विना नहीं चले हे, तासूं मोकूं रसातलसूं लाये, तब ये वात भगवान अंतर्यामी हे सो जान गये. सो प्रलयके जलमें उपर तरती तीरसों व्रजभुमि दिखाइ, तब पृथ्वीने पूछी जो ये प्रलय समय जलमें पृथ्वीको टुकडा दिखेहे सो ये कहां को हे? तब वराहजीने आज्ञा करी ये जो मेरे हृदयरुप व्रजभुमि हे यामें मं सदा सर्वदा रहुं हुं, तब ये वात सूनके पृथ्वीको गर्व दुर भयो, सो एसीये

व्रजभुमि अलौकिक हे, या में कंकर पत्थर जो हे, सो सव रत्न ओर मोती हे, ओर यामें प्रभु घुटन ओर नंगे पावनसूं खेले हे, तासु नवनीत जेसी कोमल हे. ओर यहांको जो कीच हे, सो चंदनवत् हे, तासुं यहां कभी कोइ समे जोडा खडाउ नहीं पहरनो. अपरसमें होय अथवा न होय तोभी पहरनो नहीं, ओर यहां छुय जायवेकी मनमें बिलकुल शंका नही राखनी, ओर श्रीयमुनाजीमें अवश्य नहानो, ओर आजकालके जो वैष्णव कहे हे जो गोविन्दस्वामि तो बिलकुल पाय नहि बोरते, तो ये कहीवे वारेनसुं हम यों पूछे हे के जेसे गोन्दि स्वामिकुं साक्षात् दर्शन होते हते. तेसे तुमकुं होते होय तो मत नहाओ, ओर व्रजभुमिको अहनिंश हृदयमें जेसें हमने कह्यो हे वाही रीतसूं ध्यान करनो.

इति श्रीगोवर्धनलालजीमहाराजको अठावीशमो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत २९.

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एमें आज्ञा करी जो अक्षरब्रह्म हे सो तो पूर्ण पुरुषोत्तमको विरा

जवेको धामरुप हे, ओर भूमा भगवान हे सो लोका-
लोकसु जो पर क्षीरसागरमें विराजते हे, सो पूर्ण पु-
रुषोत्तमके मनरुप हे, ओर उनमें विराट् स्वरुप हे सो
चौद् ब्रह्मांड रुप हे, ओर उनमें चैतन्य शक्ति अक्षर
ब्रह्मकी हे, ओर विराट् भगवानकी नाभिमेंसु कमल
उत्पन्न भयो, ओर वे कमलमेंसूं ब्रह्मा उत्पन्न भये. भूमा
भगवानको ओर विराट् पुरुषको नाम भी नारायण हे,
ओर वे आदि नारायणमेंसु विष्णु उत्पन्न भये हे, ओर
संकर्षणमेंसूं रुद्र प्रगट भये हे, ओर नारायणके श्वास-
मेंसूं चारो वेद उत्पन्न भये हे, अर्थात् पूर्ण पुरुषोत्तमकी
वंसीके जो नाद हे, सो नारायणके मुखद्वारा वेदरूप
होय के नाद ब्रह्म प्रकट कियो, सो भयो. ताको अर्थ
अक्षरमें लायके ब्रह्माजीने प्रगट कर्यो, ओर देव असुर
ओर मनुष्य ये सब सृष्टि ब्रह्मांडमें हे. सो सब ब्रह्मा-
जीने उत्पन्न करी हे. सृष्टि करवेको काम ब्रह्माजीको हे.

इती श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको ओगनत्रीसमो बचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत ३०.

फेरि एक समे श्री काकाजी महाराजने एसे आज्ञा करी, जो ओर सब सृष्टिको पोषण करवेको काम विष्णुको हे, ओर उनको वास वैकुंठमें हे, ओर इन्द्रादिक देवता सब उनके हुकममें हे, सबनके पाससु बलिदान लेनो ओर सबनकी मनकामना पूर्ण करनी या कामकी सब देवतानकुं आज्ञा हे, ओर रुद्रको काम संहार करवेको हे, ओर जो तमोगुणी देव तथा राक्षस, यक्ष, भुत, प्रेत वगेरे हेसो सब उनके हुकममें हे, ओर सबनकुं दुःख देनेको तथा बलिदान लेके लौकिक सुख देवेको इनको काम हे. ये तीनो देवतानके कार्य तथा उत्पत्ति कही, ये सब आदि नारायणके हुकममें हे, ओर जब जब पृथ्वीपे तथा देवतानकुं असुरनसों दुःख होय हे तब तब पूर्ण पुरुषोत्तमकी आज्ञासुं विष्णु भगवान् अवतार लेतेहे, ओर सबनको संकट मिटावे हे, ओर नारायनके नेत्रमेंसु तेजरुप चंद्र, सूर्य उत्पन्न भये हे, सो सातो लोकमें उजीआरो करे हे सब जीवनकी

अच्छी बुरी कृतिकुं देखके ताको हिसाव चित्रगुप्त नामके देवता हे तीनके पास लिखवावते हे, सो सूर्य नारायणके पुत्र जो श्रीयमराज हे, सो फेरि कृति प्रमाण न्याय करके जन्म तथा सुख दुःख भोगवेकुं देह देते हे, अच्छे कर्मसुं सुख तथा स्वर्ग ओर वैकुंठ मीले हे, और जो बुरी कृति हे ताको फल दुःख, नीच योनीमें जन्म तथा नरक मीले हे, अच्छी बुरी कृति, इतने वेद्पुराणमें जो करवेको कह्यो हे, सो अच्छी कृति, और जो करवेको नाही करी हे सो बुरी कृति स्हमजनी.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको त्रीसमो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत ३१.

फेर एक समे श्री काकाजी महाराजने एसे आज्ञा करी जो श्रीपूर्णपुरुषोत्तमके संग श्रीस्वामिनीजी जो हे, तिनके श्रीअंगमेंसुं सब व्रजभक्त प्रगट भये. चंद्रावलि आदि व्रजभक्त श्रीस्वामिनीजीके श्रीअंगमेंसुं प्रगट भये, ओर इन व्रजभक्तनकी अध्यात्मशक्तिमेंसुं भुमा भगवानकी आदि लक्ष्मीजीके अंगसुं रमा लक्ष्मीजी

प्रगट भये, ओर उन लक्ष्मीजीकी जो आदि शक्ति हे, तामेंसुं विराट स्वरुप के संग जो माया शक्ति हे, सो प्रगट भइ, ओर वा माया शक्तिमेंसुं रूद्रकी उमिया वगेरे ग्यारह स्त्री प्रगट भइ, ओर वाही माया शक्तिमेंसुं ब्रह्माजीकी स्त्री तथा सब देवतानकी स्त्री प्रगट भइ, ओर रुद्राणीनमेंसुं सब देवीअें प्रगट भइ, ओर ब्रह्माजीसें स्वायंभू मनु प्रगट भये, उनके संगमें वाही माया शक्तिमेंसुं शतरुपा स्त्री प्रगट भइ, उन स्वायंभू मनु तथा शतरुपाकी जोडीनमेंसुं अभितक ये सबसृष्टि चली आवे हे, या रीतसुं जगतमें श्रीपूर्णपुरुषोत्तमकी अंश कलाको संसर्ग चल्यो आवे हे. तासुं मूळ बात यह हे जो. पूर्ण पुरुषोत्तमसुं न्यारो कोइ चिज नही हे, सबको संबंध पूर्णपुरुषोत्तमसुं मीळ रह्यो हे, या वातकुं अपन सब जीव भुळ रहे हे, तासुं अपने आपकुंभी जुदो माने हे, ओर सव जगतकुंभी जुदो जाने हे, सो श्रीमहाप्रभुजीने ब्रह्मसंबंध करायके वह संबंधकी याद दिवाइ हे.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको एकत्रीसमो वचनामृत संपूर्णम्.

वचनामृत ३२.

फेरि एक समय श्रीकाकाजी महाराजने एसें आज्ञा करी जो ब्रह्मसंबंध हे सो कहाहे. अपन सब ब्रह्ममेंसु ब्रह्मके अंशरुप होकर न्यारे भये, ताकुं हजारन वरस व्यतीत होय गये, ओर सारस्वत कल्पमें जो श्रीपूर्णपुरुषोत्तम श्री कृष्णके दरशन होते हते सो प्रत्यक्ष होते हते, सो तबको आनंद प्राप्त होतो हतो, सो अब कोटीन वर्षसूं वियोग भयो हे तासुं वा सुखकोभी भुल गये हे, ओर ब्रह्मकुंभी भुल गये हे, सो श्रीमहाप्रभुजीने याद करवाय के अपनकुं गद्यके मंत्रद्वारा भान करायो हे, जो एसे प्रभुके दर्शन, स्पर्श सुखकुंभी तुम भुल गये हो, ओर उनके वियोग रुपी जो दुःख हे ताकुं याद करो ओर दशो इन्द्रियोयुक्त जो अंतःकरण हे तथा अंतःकरणकी वृत्ति सहित जो आत्मबुद्धि हे ताकुं प्रभुनमें लगाओ, ओर ता बुद्धिसुं धर्म तथा अधर्म जो बने सो प्रभुनकुं अर्पण करो, तथा या देहके संबंधि जो स्त्री पुत्र पुत्री पति माता पिता वगेरे सब संबंधिनकुंभी प्रभुनको अर्पण कर देओ, घरबार धन आजीविका

वगेरे सब खटपट सहित जो ये जीवात्मा हे सों प्रभु
नको दास हे, एसें निश्चय करी के प्रभुनकी सेव
करो, यें बात श्री महाप्रभुजीने अपने पास कबुल क
रवायके ओर वा वियोगकुं याद करके विरह ताप करे
एसी आज्ञा करी हे.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको बत्रीसमो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत ३३.

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा करी जो आजकाल श्री महाप्रभुजीने जो विरहतापकी आज्ञा करी हे, सो ता प्रमाण तो कहुंभी दिखवेमें नहि आवे हे, मार्गके मुख्य सिद्धांतके अर्थकुं तो कोइ समजेभी नहि हे, ओर उलटो अनर्थ करे हे, ओर पहेले तो ए रीत हती जो भगवत गुणगान करते, ता समय भगवत लीलाकी स्मृति करके मनमें यह दुःख करते, जो हाय हम अभागीनकूं एसी लीलाके दर्शन कब होंगे, ओर आजकाल जो गुणगान करें हे सो रागरीतसुं ओर आनंद पूर्वक करे हे वामें दुःखको लेशभी नही होय हे,

कब्हु बूरो न करे. एसेंही प्रभु बूरो नहीं करे हे, तासु कोइ काळ बी प्रभु अपनो अंगीकार जरूर करेंगे, दंड देवेकी इच्छा होयगी, तहां तांइ दंड देंगे, आपनो दोष निवृत्त करेंगे, ए बात निश्चयहे, ओर चोथो सार [४] सत्संग हे, परंतु अब सत्संग तो मीलेई नहीं हे, तासु श्रीमहाप्रभुजी तथा श्रीगुसांइजीके ग्रंथ तथा शिक्षपत्र ओर श्रीमद्भागवत तथा श्री गीताजी आदिनको अभ्यास करनो, जो अपनकुं वांचते आवे तो अपन वांचे, नहींतर ओरनके पास वंचावनो, ओर आज कालके जो वैष्णवहे ताको संग सर्वथा नहीं करनो, यामें प्रभुनसु बहिर्मुखता होय हे, कारण के इनकी शिक्षा उंधी हे, तासु विचार के संग करनो, एसी बडेनकी आज्ञा भइ हे, ओर पांचमो सार [५] जो सेवा हे सो अपनो मुख्य कर्तव्य हे, सो तो बनत नहींहे, जो सेवाको स्वरूप हे सो तो अपन जानत नहीं हे.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको चोत्रीसमो वचनामृत संपूर्णम्.

वचनामृत ३५.

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने ऐसे आज्ञा करी, जो केवल स्नेसुं ही प्रभु प्रसन्न होय हे, कछु वैभव सहित सेवासु प्रभु प्रसन्न नहीं होय हे, जा समे जो वस्तु प्राप्त होय सोही प्रभुनकुं स्नेहपूर्वक समर्पनी, ओर वधारे नेग भोगको आग्रह नहीं रखनो, ओर सेवा वाको नाम हे जाके नाम मात्रसें प्रभुनको सुख होय, ओर सेवा जो हाथसुं करी होय ताकी मानसी करनी, प्रथम स्नेह सो कहा वस्तु हे, केवल निस्पृहतासुं अर्थात् जासुं स्नेह करनो होय तासुं कछु स्वार्थ नही राखनो, ओर निःस्वार्थ केवल प्रसंन्नता पूर्वक वाको सुख देखे विना रह्यो न जाय, ओर जेसे वाकुं सुख होय तेसे उपाय करे, याही रीतसुं प्रभुनमें स्नेह लगावनो, ओर जेसे स्नेहकी उपर कबहु एसी भावना नहि आवे जो ये मेरो बूरो करे गो, तेसेंही प्रभुनके उपर रखनो, स्नेहीकुं जेसे राजी राखवेकी मनमें चिंता लगी रहे हें तेसेंहो प्रभु-नकुं प्रसन्न राखवेकी मनमें चिंता राखनी. ओर जेसे स्नेहसुं कोइ काम अनुचित बन जाय तो कोइसुं ये बात

कहे नहीं, तेसेंही परीक्षाके लिये प्रभु कृपा अवेरी करें अथवा तो अपनेको कोइ दंड दे तो वह वातभी काहु सो कहे नहि.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको पांत्रीशमो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत ३६.

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा करी, जो ओर संप्रदायमें जो दीक्षा देहें सो गुरु बने हे, ओर अपने संप्रदायम जो ब्रह्मसंबंध दीयो जाय हें, वाको नाम, निवेदन, तथा समर्पण तथा दान वगेरे नाम कहे हे, ओर दीक्षा नाम नहीं हे, ताको कारण यह हे जो अपनेमें गुरुदीक्षा नहीं हे, अर्थात् अपनकुं गुरुपनो नहीं हे, गुरु तो या संप्रदायमें साक्षात् एक श्रीगुसांइजीही हे, ओर आचार्य पदवी बो इनकूंही हे, ओर उद्धार करनेको सामर्थ्यहु इनकोइ हे, अपनकुं तो फक्त श्रीमहाप्रभुजी ओर श्रीगुसांइजीकुं ओर श्रीठाकोरजीकुं पहचानवेकी आज्ञा हे, सो सब जीवनकुं तुलसी देके श्री ठाकुरजीके सामने श्रीमहाप्रभुजीनें जो आज्ञा करी हे, आत्मनिवेदनकी, सो आपने जीवनकुं सुनायके

समजायके उनके पास स्मरण करवावनो, ओर उनकुं सीधे रस्तेपें चडायवेकी आज्ञाहे, तासुं अपनेमें गुरुपनेको अभिमान नहीं राखनो.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको छत्रीसमो वचनामृत संपूर्णम्

वचनामृत ३७.

एक समे श्री काकाजीमहाराजने एसे आज्ञा करी जो या मार्गमें पुष्टि, प्रवाह, ओर मर्यादा ये तीनो प्रकारके जीव निश्चित हे अर्थात् तीनो प्रकारके जीव हे तथा आसुरावेशी तथा आसुरी ये सब जीवनकुं ब्रह्मसंबंध तो होय जाय हे, परंतु जीव प्रमाणे फलमें अधिकार तथा अनुग्रह होय हे, लीलास्थ जीव जो व्रज संबंधी पशु, पक्षी, वृक्ष लता, रज, कंकर काष्ट वगेरे सबको यहां भुतलपें जन्म भयो हे, उनकुं सबनकुं श्रीवल्लभकुल द्वारा ब्रह्मसंबंध होय हे, परंतु जेसो लीलाको वह जीव हे तेसे अधिकार प्रमाण वाको भगवत सेवामें मन लागे, ओर वा समें जो मनुष्य हते तीनकोभी वा समे ब्रह्मसंबंध भयो हे, परंतु जेसी जाकी चित्तकी वृत्ति होय ते सोही वो जीव जाननो, स्वभाव, प्रकृति ओर

भक्ति, ओर आसक्ति ओर कृपा उपरसुं जीवके अधिकारकी खबर पडे हे, अधिकारके उपरसुं फलकी प्राप्ति होय हे. अधिकार उपरांत फलकी प्राप्ति नहीं होय हे.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको साडत्रीशमो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत ३८.

फेरी एक समे श्रीकाकाजीमहाराजने एसे आज्ञा करी, जो प्रभु अंतर्यामी हे, सबके हृदयकी जाने हे. फेर उनसुं मांगनो कहा ? सबको हितही इच्छे हे, अपनकुं जो दुःख आय पडे हे सो अपने प्रारब्ध भोग भुगतवेकी वेदमें आज्ञा हे, सो जो न भुगतावें तो उनकी आज्ञाको भंग कर्यो यों दिखे, तासुं अधिक फळ देवे के लिये थोडो प्रारब्ध भोग प्रभु भुगतावेहे, तामें अपने जो प्रार्थना करे तो प्रभु नाराज होय अपने अपराधतो बहोत हे, सो प्रभु कृपा करीके कमती करे तो भी ये प्रार्थना करे हे, जासों प्रभु नाराज होय हे. ताको एक द्रष्टांत हे, जो एक राजा हतो, उनने अपनी पास जातके छोकराको नोकरीमें राख्यो.हतो, सो वो राजाकी बहोत मरजी साधतो हतो, तब राजा वाके उपर बहोत

खुशी रहत हतो, ओर राजाके पास वो कभी कछु मांगतो नहीं, ओर राजा बी कभी कछु पूछे नहीं, तब राजाके मनमें एक दिन एसें आई. जो ये कछु मांगे नहीं हे, सो याकुं अपनी कन्या देवे, वर बहोत अच्छो हे. ओर वाके मनमें एसी आई जो मेंने इतने वरससु राजाकी मरजी साधा तोभी वाने मोकुं कभी कछुभी दियो नहीं हे, सो जो मेरे माथें दोसो रुपीआको करज हे सो आज हजुरके पास दोसो रुपीआ मांगु तो मेरो करज चुके, एसो विचार वे करके राजाके पास गयो, ओर राजासुं विनति करी, जो महाराज! मोकुं आपने कभी कछु दियो नहीं हे, सो आज तो दोसो रुपीआकी महेरबानी होय जाय तों ठीक हे. तब राजाने जानी जो ये कन्या देने लायक नहीं हे, ये विचारके वाकु दोसो रुपीया तो दे दिये, परंतु कन्या न दीनी, तासुं अपनभी प्रभुनके अभिप्रायकुं नहीं जाने हे. जो कहा फल देवेकी इच्छा हे, जो कदापि प्रभु आज्ञा करे तोबी मांगनो नहीं, येही कहनो जो आपकी इच्छा होय सो देओ.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको आडत्रीसमो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत ३९.

फेरि एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आज्ञा करो, जो या पुष्टिमार्गमें अनुग्रहही मुख्य हे, ओर अनुग्रहसुं ही हीन अधिकारी उत्तम अधिकारी होय हे, ओर उत्तम अधिकारी कृपा विना हीन अधिकारी होय जाय हे, अनुग्रहसुं जीवकी कृतिकोभी नहीं देखे हे, ओर सब फलकी प्राप्ति होय हे, तथा सब दोषकी निवृत्तिभी होय जायहे, या कृपाको साधन फक्त दीनता ओर निःसाधनता ये दोइ हे, तापें यहां आपने एक दृष्टांत कह्यो, जो कोई एक भरपुर नदी होय, अथवा समुद्र होय, ताके किनारेपें सेल करवेके लिये ओर शोभा देखवेके लिये कोइ राजा आये हे, ओर बुरजपें बेठके सेल देख रह्यो हे, ओर जलको खूब चढाव आय रह्यो हे, तामें मनुष्य वहते जाय रहे हे, तामें कोई तो हाथ पांव हलाय रहे हे, ओर कोइ डूबते हे, ओर कोइ उछल रहें हे, तो वे मनुष्य जो उछल रहे हे ओर डुब रहे हे, उनकुं देखके उन राजाकुं दया आई, सो कोई मनुष्यकुं कहवेकी राह न देखकें आप जल्दी वा जलमें कूद पडके

उन डुबतेनकुं वा जलमेंसुं निकास लिये, तेसेंही या संसारसागरमें सब जीव पडे हे, ओर वहे जाय रहे हे, तामें जो कर्मकांडी ओर मर्यादामार्गी जो हे, सो तो साधनरुपी पेरनो हे, सो वे तो पेर रहे हे, ओर जो निः-साधन पुष्टिमार्गी हे सो डुब रहे हे. तीनके उपर जब प्रभुनकी दया आवे, तब वाको वह संसारसागरसे बहार निकासे हे, तेसेहि अपने उपर जब प्रभुकुं दया आवेगी तब निकासेंगे, या मार्गमेंतो केवल दयाही साधनरुप हे, तासुं अपनो कर्यो कछु होय नहि ए निश्चय हे.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको ओगणचालीसमो वचनामृत संपूर्ण

वचनामृत ४०.

फेरी एक समे श्री काकाजी महाराजने एसे आज्ञा करी, जो श्रीपूर्णपुरुषोत्तम कोटान कोटी ब्रह्मांडके राजा हे, तो जेसे खंड पति राजा हे, उनके जेसे महेता कार-भारी मंत्री वगेरे हे, तेसेही ये सब पूर्ण पुरुषोत्तमके हे, ताको मीलान करीके देखनो? तब हमने पूछी जो वे कोन कोन हे? सो हमकुं कृपा करके बतावो. तब आपने

आज्ञा करी जो पूर्ण पुरुषोत्तमकी कचेरी हे, सो अक्षर ब्रह्म हे, ओर पूर्ण पुरुषोत्तमको रणवास हे सो ब्रजचोराशी कोस हें, ओर मुख्य आद्य माया शक्ति जो हे सो श्रीराधिकाजीहे सो मुख्य रानी हे, ओर कोटान कोटि ब्रजभक्त जो हें सो सब मुख्य दासीहे, ओर भुमा भगवान जो हे सो मुख्य मंत्री हे ओर ब्रह्मा विष्णु संकर्षण ये तीनो अधिकारी हे. ओर ब्रह्माजीकुं तो सृष्टि उत्पन्न करवेको अधिकार हे, ओर विष्णुको रक्षा करवेको अधिकार हे, ओर संकर्षणको संहार करबेको अधिकार हे, संकर्षण शिवरुपसुं नाश करे हे, ये जगतरुप जेलखानो हे, यामें जीतने जीव मात्र जो उत्पन्न भये हे, सो सब भगवानके अपराधी हे, सा दंड भोगते हे, संकर्षणरुप जो श्रीबलदेवजी हे, जो ये जेलखानेमेसें जल्दी छूडावे हे, ओरये सूर्य चंद्र जो हे सो देखने वारे दरोगा हे, सो सब जगतकी खबर दे रहे हे, ओर यमराज महेताजी हे, ओर चित्रगुप्त लहीआ हे, ओर सब देवता एसेही अपने अपने कार्य कर रहे हे.

इति श्रीगोवर्धनलालजी महाराजको चालीसमो वचनामृत संपूर्ण.

वचनामृत ४१.

फेरी एक समे श्रीकाकाजी महाराजने एसे आ
करी, जो या पुष्टिमार्गमें मरजाद हे, सो कहा चीज
एसे कोइ संदेह करे तहां कहत हे, जो मार्ग तो
हे, ओर मरजाद कहा चीज हें ताको उत्तर, तो मर
नाम, जो श्रीमहाप्रभुजीने जो अहंता ममता त्याग
निवेदनको अनुसंधान पूर्वक, आत्म समर्पण पूर्वक,
दास भावसुं, सेवा करनो, ओर दीनता पूर्वक, विरह
भावपूर्वक, गुणगान, ध्यान करे, याहीको नाम मर
हे. ओर इनही बातनकी आज्ञा श्रीगोस्वामी बालक
पाससुं लेनो चाहिये, बाकी असमर्पितको त्याग,
वैष्णवके हाथको जल, तथा प्रसाद वगेरे नहि ले
विचार राखनो, ये सब जीतनी बात लीखी हे,
आज्ञानको बराबर पालन कर सके वेही सच्चो
जादी हे. जो ये मार्गकी मरजाद श्रीमहाप्रभुजीने
रुप बांधी हें, वाही प्रमाण चलनो, तब वे मर्यादी
जाय. केवल स्वरुप ज्ञान विना, तथा अहंता ममता त

विना केवल घरको त्याग तथा देशको त्याग करनो स
व्यर्थ हे, केवल अत्याचार करवेसुं मरजादी नहीं क
जाय, वे तो उलटे वेषधारी होय के श्रीमहाप्रभुजीकुं ठ
हे, ओर गुरु द्रोही होय हे, सो मर्यादी नाम धरावनो ठीव
नहिहे. श्रीमद्भागवत तथा श्रीगीताजीमें भगवानकी
आज्ञा हे, के जगत्, भगवत् (ब्रह्म) रुप हे, ओर श्रीभ
गवानसूंही उत्पन्न भयो हे, तासूं जगतको द्वेष सर्वथ
नामधारीकोभी करवेको निषेध हे, तो फेर समर्पन
तथा मर्यादीकूं तो इर्षा तथा द्रोह सर्वथा कोइको नह
करनो; ओर सबनकूं अपने तें उत्तम माननो, परंतु
सतसंग करवेमें उनके गुणदोषको विचार करके गुणको
ग्रहण करनो; पर उनके दोषको आरोप नहीं करनो, स
बात श्रीकृष्णकी इच्छासों होय हे एसो स्हमजके अपने
अवगुण देखने नहो.

इतिश्रीगोवर्धनलालजी महाराजको एकतालीशमो वचनामृत संपूर्ण.